भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 521
दिनांक 25.06.2019/4 आषाढ़, 1941 (शक) को उत्तर के लिए

अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के विरुद्ध संयुक्त कार्य योजना

521. श्री गोपाल शेट्टीः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार ने भारत, रूस, संयुक्त राज्य अमरीका और अन्य देशों को प्रभावित करने वाले अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद को रोकने के लिए एक संयुक्त कार्य-योजना तैयार करने हेतु कोई कदम उठाए हैं अथवा उठाने का विचार किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): संयुक्त राष्ट्र वैश्विक आतंकवाद रोधी रणनीति को दिनांक 08.09.2006 को सदस्य राष्ट्रों द्वारा अपनाया गया था। यह रणनीति एक संकल्प के रूप में है तथा इसके साथ एक कार्रवाई योजना संलग्न है। वैश्विक आतंकवाद रोधी फोरम (जीसीटीएफ) संयुक्त राष्ट्र विश्विक आतंकवाद रोधी रणनीति के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाने के लिए एक तंत्र के रूप में कार्य करता है और मौजूदा बहुपक्षीय आतंकवाद रोधी प्रयासों को सम्पूरित तथा सुदृढ़ करता है। भारत जीसीसीटीएफ का एक संस्थापक सदस्य है तथा इसमें संयुक्त राज्य अमरीका और रूस सहित 30 सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा, भारत ने 24 देशों तथा बिम्सटेक

...2/-

(बीआईएमएसटीईसी), ब्रिक्स (बीआरआईसीएस) तथा यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ आतंकवाद रोधी संयुक्त कार्यदलों का भी गठन किया है। आतंकावाद रोधी मुद्दों पर चर्चा करने तथा आसूचना, अनुभव, विशेषज्ञता, उत्तम पद्धतियों और पारस्परिक सरोकार के मुद्दों को साझा करने के लिए समय-समय पर इन संयुक्त कार्यदलों की बैठकें आयोजित की जाती हैं।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

*****